# हिमाचल को केंद्र सरकार का बड़ा तोहफा, बनेंगे 6000 घर : अनुराग ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

केंद्रीय सूचना प्रसारण व युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह से मिले। अनुराग ठाकुर ने ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री से भेंट के दौरान बारिश व बाढ़ से हिमाचल में सडकों व घरों को हुए नुकसान से राहत देने का अनुरोध किया है। अनुराग सिंह ठाकुर ने गिरिराज सिंह से प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना में 2,700 किलोमीटर की सडकें व आवास योजना में 5,000 घरों के निर्माण की मांग की। ग्रामीण विकास मंत्री ने अनुराग ठाकुर की 2,700 किलोमीटर सडक निर्माण की मांग को स्वीकार कर लिया।



अनुराग ठाकुर के प्रयास रंग लाए:पहले मिल चुकी है 5000 घरों को मंजूरी

ठाकुर ने गिरिराज सिंह को हाल के दिनों में हिमाचल में भारी वर्षा के कारण हुए नुकसान से भी अवगत कराया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश को भौगोलिक जटिलता और मौसम के बदलाव के समय विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं से जूझना पड़ता है। पिछले कुछ दिनों से हिमाचल में भारी बारिश व बाढ़ के चलते जान-माल और आधारभूत ढांचा का बहुत नुकसान हुआ है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि केंद्रीय ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह से भेंट के दौरान उनके मंत्रालय के तहत आने वाले प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना से बनी सडकों के बारिश में बह जाने का विषय प्रमुखता से उठाया। उन्होंने निवेदन किया कि हिमाचल के ग्रामीण इलाकों में जो सडकें बाढ़ के कारण बह गई हैं। उनके पुनर्निर्माण का कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ कराया जाए, जिससे लोगों का आने जाने की समस्या समाप्त हो व सामान्य जनजीवन पहले की तरह बहाल हो। अनुराग ने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्री से 2,700 किलोमीटर सडक निर्माण की मांग रखी गई है, जिसे उन्होंने तत्काल सहर्ष स्वीकार कर लिया गया है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत हिमाचल में बारिश-बाढ़ प्रभावित पात्रों को घर बना कर दिया जा सके, इस विषय पर भी व्यापक चर्चा हुई। उन्होंने उनके सामने हिमाचल प्रदेश में बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए 5,000 घरों के निर्माण की मांग रखी, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। पिछले नौ वर्षों में हिमाचल में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 15,331 घरों का निर्माण हुआ है।

## बारिश से प्रभावित हुए लोगों को जीवन ठाकुर ने बांटे तिरपाल

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संग राय**

जोगिंद्रनगर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर ने आज विधानसभा क्षेत्र के उन गांव का दौरा किया जहां लोगों को बारिश से हुए नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आज नागदयाडा, चनेहड़, कुंड, दान्धी, थाप्री व छतर गाँव में जाकर बारीश से हुए नुकसान का जायजा लिया तथा जिन लोगों के घरों को नुकसान हुआ है उन घरों व जमीन के बचाव के लिए तिरपाल बांटे।

उन्होंने प्रशासन से भी प्रभावितों की हर संभव सहायता करने का आग्रह किया है।

## मुख्यमंत्री राहत कोष में 1.31 लाख रुपये का अंशदान



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

नगर पंचायत कोटखाई की अध्यक्ष अंजली चौहान ने गत दिवस को शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के माध्यम से मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 1.31 लाख रुपये का चेक भेंट किया। शिक्षा मंत्री ने इस पुनीत कार्य के लिए नगर पंचायत कोटखाई का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह राशि जरूरतमंद लोगों की सहायता करने में सहायक सिद्ध होगी। इस अवसर पर नगर पंचायत कोटखाई के उपाध्यक्ष प्रमोद वर्मा, पार्षद जगदीश चौहान, नीरज ठाकुर तथा विक्की चौहान भी उपस्थित है।

## चाइल्डलाइन चंबा द्वारा ओपन हाउस कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**



शुक्रवार को चाइल्ड लाइन चंबा द्वारा राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुम्हारका में ओपन हाउस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल में कार्यरत जेबीटी शिक्षक डिंपल कुमार व स्कूल प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष विजय कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान चाइल्डलाइन टीम सदस्या व सदस्य पंकज कुमार द्वारा उपस्थित बच्चों को चाइल्डलाइन के टोल फ्र ी नंबर 1098 की विस्तृत जानकारी दी। टीम द्वारा मुफ्त फ ोन सेवा 1098 के माध्यम से अनाथ अर्ध-अनाथ, स्कूल छोड़ चुके, घर से भागे हुए मानसिक और शारीरिक शारीरिक रूप से अक्षम, शोषित, अति निर्धन, बाल-विवाह से ग्रसित, बाल-मजदूरी से ग्रसित, छेड़छाड़ से पीड़ित व अन्य किसी भी कारण से शोषित बच्चों हेतु चाइल्ड लाइन के माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित लोगों को पोक्सो अधिनियम के संबंध में भी जागरूक किया गया! बच्चों को बताया गया कि यदि किसी के द्वारा नाबालिक बच्चों को बहलाया-फुसलाया जाता है तो इसे किसी भी रूप में नजर अंदाज ना किया जाए। इसके साथ-साथ नशे की बुराई व सोशल-मीडिया के लाभदायक व हानिकारक प्रभावों सहित पोषण के संबंध में भी चर्चा की गई। चाइल्डलाइन के जिला समन्वयक कपिल शर्मा ने बताया कि इस दौरान बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी स्कूल की एक गंभीर समस्या निकल कर सामने आई है!

## भाजपा जिला शिमला के अध्यक्ष प्रेम ठाकुर ने की अपनी टीम की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भारतीय जनता पार्टी जिला शिमला के अध्यक्ष प्रेम ठाकुर ने शीर्ष नेतृत्व से चर्चा के उपरांत जिला शिमला के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की है

उन्होंने जिला उपाध्यक्ष के रूप में नरेन्द्र शर्मा (शिमला ग्रामीण), बॉबी बंसल (शिमला ग्रामीण), राजीव सूद (शिमला शहरी), संजीव चौहान पिंकु (शिमला शहरी), उमेश वर्मा (कुसुम्पटी) और योगराज ठाकुर (शिमला ग्रामीण)को नियुक्त किया है। प्रेम ने महामंत्री का दायित्व प्रेम चौहान (कुसुम्पटी) और राजीव पंडित (शिमला शहरी) को सौंपा। सचिव का दायित्व शिव राम शर्मा (कुसुम्पटी), नागेश शर्मा (शिमला ग्रामीण), कमलेश मेहता (कुसुम्पटी), सुनीता शर्मा (शिमला ग्रामीण), रजनी सिंह (शिमला शहरी) और मंजु वर्मा (कुसुम्पटी) को सौंपा।कोषाध्यक्ष अजय सरना (शिमला शहरी), कार्यालय मंत्री शुभांकर सूद (शिमला शहरी) होंगे। मीडिया प्रभारी विद्या नंद शर्मा होंगे, सह मीडिया प्रभारी ललित ठाकुर (शिमला ग्रामीण) और प्रवक्ता विवेक शर्मा (शिमला ग्रामीण) होंगे।

## नरेश परमार बने अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ सराहां के प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ सराहा इकाई के चुनाव महासंघ द्वारा तैनात किये गए चुनावी पर्यवेक्षक नरवीर कुमार शर्मा और भगत सिंह ठाकुर की देखरेख में संपन्न हुए। इन चुनावों में जिला के सभी विभागों के लगभग अढ़ाई सौ से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सराहा में संपन्न हुए अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के चुनाव में नरेश परमार को प्रधान, जोगिंदर तोमर को वरिष्ठ उप प्रधान, जबकि अमर सिंह को महासचिव बनाया गया है। मोहन दत्त शर्मा, मनजीत कौर,इंदुबाला और सुरेंद्र दत्त को उप प्रधान बनाया गया है। अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के चुनाव पर्यवेक्षक नरबीर कुमार शर्मा ने बताया कि सराहा इकाई के चुनाव संपन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला सिरमौर में सभी खंडों में अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। इसके बाद जिला अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का चुनाव करवाया जाएगा

### न्यूज फ्लैश

## जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन अब 31 अगस्त तक

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी**

जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह में वर्ष सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन अब 31 अगस्त तक कर सकते हैं। यह जानकारी जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह के प्राचार्य एसडी शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि पहले आवेदन 25 अगस्त तक आमंत्रित किए गए थे, जिसे अब 31 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने बताया कि मंडी जिला में किसी भी सरकारी या मान्यता प्राप्त गैर सरकारी स्कूल में वर्ष 2023-24 में पांचवी कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थी जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह में सत्र 2024-25 के लिए छठी कक्षा में प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।उन्होंने पांचवी कक्षा में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के अभिभावकों व संबधित पाठशालाओं के मुख्याध्यापकों से आग्रह किया कि वे इच्छुक विद्यार्थियों को नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रेरित करें।

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि अब 31 अगस्त 2023 है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी अपनी फ ोटोग्राफ , हस्ताक्षर, माता-पिता के हस्ताक्षर, आधार/आवासीय प्रमाण पत्र एवं मुख्याध्यापक द्वारा जारी निर्धारित प्रपत्र 10 से 100 केबी के बीच काहो, पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं।

आवेदन के लिए अधिक जानकारी हेतु नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट या जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह की वेबसाइट का अवलोकन करें। इसके अतिरिक्त विद्यालय के दूरभाष नम्बर 01905-282046, 9418160145, 9805319303 और 8219207178 पर किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 9 बजे से सायं 4 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है। चयन परीक्षा 04 नवम्बर को 11:30 बजे निर्धारित की गई है।

## रफ्तार ठाकुर की जगह कैलाश ब्रामटा होंगे जिला भाजपा उपाध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने प्रेस को जारी एक व्यान में बताया कि जिला भाजपा उपाध्यक्ष की नियुक्तियों में कुछ फेर बदल किया है।

पूर्व में घोषित जिला भाजपा उपाध्यक्ष रफ्तार ठाकुर की जगह कैलाश ब्रामटा को जिला भाजपा उपाध्यक्ष बनाया जाता है।

## 17 से 19 सितम्बर तक आयोजित होगा राज्य स्तरीय सायरोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**



सोलन जिला के अर्की उपमण्डल का सुप्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक सायर मेला इस वर्ष 17 से 19 सितम्बर, 2023 तक अर्की के चैगान मैदान में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी गत दिवस को इस संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य ससंदीय सचिव लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा श्रम एवं रोजगार विभागद्ध संजय अवस्थी ने दी।संजय अवस्थी ने कहा कि इस वर्ष हिमाचल विकट प्राकृतिक संकट का सामना कर रहा है। प्रदेश सरकार आपदा के प्रभाव एवं कारकों को न्यून करने, राहत एवं पुनर्वास सुनिश्चित बनाने और प्रभावितों को आश्वस्त करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि देवी-देवताओं के आशीर्वाद और सभी के सहयोग से हिमाचल पुनः प्रगति पथ पर अग्रसर होगा तथा सभी प्रभावितों को समुचित आश्रय प्राप्त होगा। उन्होंने आपदा के समय में एकजुट होकर कार्य करने और आपदा प्रभावितों की समुचित सहायता सुनिश्चित बनाने के लिए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और गैर-सरकारी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया। मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि हमारी संस्कृति हमें एकजुट होकर सफ लता की ओर बढ?ा सिखाती है। उन्होंने कहा कि हमारे मेले, उत्सव एवं त्यौहार भी हमें विकास की ओर एकजुटता से आगे बढ? का संदेश देते हैं।

अर्की का सायरोत्सव इसी दिशा में हम सभी का मार्गदर्शन करता है। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय यह तीन दिवसीय उत्सव वरुण देव का आभार प्रकट करने का प्रतीक माना जाता है।

उन्होंने आशा जताई कि यह उत्सव हम सभी में नवचेतना का संचार करेगा।

## बालीवाल में भुक्की व अफीम बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

थाना हरोली के तहत बालीवाल में पुलिस ने तीन व्यक्तियों को भुक्की व अफीम संग काबू किया हैं। पुलिस ने तीनों व्यक्तियों को बालीवाल के अलग- अलग स्थानों पर काबू किया हैं। पुलिस ने दोनों से 3.435 किलोग्राम भुक्की व 50 ग्राम अफीम बरामद की हैं। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। जानकारी के मुताबिक हरोली पुलिस शुक्रवार देर शाम बालीवाल में गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस ने एक गाड़ी की तलाशी ली।

## भूस्खलन के खतरे की जद में आने को आतुर माध्यमिक पाठशाला नेरन

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**



मूसलाधार वर्षा के चलते उपमंडल कोटली के माध्यमिक पाठशाला नेरन भूस्खलन के खतरे की जद में आ गया है। भवन और उसके आसपास की सारी जमीन दरक चुकी है तथा एक से डेढ़ फु ट चौड़ी दरारें आ गई है। माध्यमिक व प्रसथमिक पाठशाला नेरन का भवन कभी भी गिर सकता हैं। भवन के पीछे बड़ी-बड़ी दरारें जमीन पर आ चुकी है तथा भवन कब भूस्खलन की जद में आ जाए यह कहना मुश्किल है। शनिवार को जब स्कूल अध्यापक अपनी पाठशाला में पहुंचे तो उन्होंने पूरे भवन में दरारें देखी। उन्होंने इसकी सूचना जहां अपने आला अधिकारियों को दी तो वहीं स्थानीय ग्राम पंचायत प्रधान अनामिका ठाकुर, उप प्रधान दीप कुमार और ग्रामीण राजस्व अधिकारी दिलीप वर्मा को सूचित किया। सूचना मिलते ही पंचायत प्रतिनिधि, राजस्व विभाग तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी मौका पर पहुंचे। मौके की रिपोर्ट पंचायत प्रधान तथा ग्रामीण राजस्व अधिकारी ने बना ली है। प्राथमिक केंद्रीय पाठशाला बरयारा के इंचार्ज मदन ठाकुर भी मौके पर पहुंचे। तमाम जनप्रतिनो जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने बच्चों को सुरक्षित जगह बैठने के भी इंतजाम करना शुरू कर दिए हैं। जहां जमीन पर दरारे आई है वह एक बहुत बड़ा भूभाग है जो व्यास नदी से करीब आधा किलोमीटर दूर तक है तथा जमीन व्यास नदी में समांने को आमद है। ग्राम पंचायत की प्रधान अनामिका ठाकुर ने बताया कि उन्हें जब सूचना मिली तो वह मौके पर पहुंची और बच्चों को सुरक्षित जगह बैठने के इंतजाम किया।

## शांत महापर्व पर चाड़ना में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

जिला सिरमौर का गिरिपार क्षेत्र अपनी अनूठी परंपराओं के लिए जाना जाता है।

ऐसी परंपरा शुक्रवार को चाढ?ा गांव में देखने को मिली, जहां मंत्रोच्चारण व विजट महाराज के जयकारों के साथ वर्षों से चला आ रहा शांद पर्व मनाया गया व विधि-विधान के साथ यह तीन दिवसीय शांद पर्व शुक्रवार को संपन्न हुआ।

शुक्रवार को क्षेत्र की करीब 10 से 12 पंचायतों के सैंकड़ों लोगों ने अनुष्ठान में भाग लेकर अपने आराध्य विजट महाराज का आशीर्वाद लिया। सुबह 7 बजे से ही आसपास के गांव से लोगों के पहुंचने से चाढना गांव में चहल पहल शुरू हो गई थी। पूरा गांव दिनभर विजट महाराज के जयकारों से गुंजायमान रहा। पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन पर सैकड़ों लोगों ने विजट महाराज का गुणगान करते हुए यह रस्म पूरी की। जब देवता के गुर मंदिर की छत पर आए, तो पारंपरिक धुन व लिंबर लगाकर उनका स्वागत किया गया। देवता के गूर ने आवाज देकर अलग-अलग परगने से आए लोगों को सुख समृद्धि का आशीर्वाद दिया।

समापन अवसर पर इस धार्मिक अनुष्ठान में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। यहां पर यह पर्व तीन दिन से चला रहा, जिसमें देवता, पूजन, देव आगमन, अंगेठी पूजन, काली पूजन हुआ। इस पर्व में इस गांव के लोगों ने अपने दाईचारे के लोगों को व रिश्तेदार को मेहमान के तौर पर बुलाया। इस अवसर पर गांव के लोग एक-दूसरे की संस्कृति के बारे में जानकारी साझा करते हैं। शांद पर्व में दो दिन बारिश लगी रही, मगर आस्था की डोर में बंधे श्रद्धालु खराब मौसम में भी विजट महाराज का जयकारा लगाते रहे और देवता के गण अठखेलियां करते रहे।

## कुल्लू मंडी एनएच को जल्द बहाल करें सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/केलांग/अंगारिया**



लाहुल स्पीति के किसान बागवानों की फ सलों को सब्जी मंडियों तक पहुंचाने के लिए की जा रही कसरत पर जहां खराब मौसम लगातार अड़चन पैदा कर रहा है, वहीं कुल्लू मंडी एनएच और बजौरा कंडी कटौला मंडी सडक को जल्द से जल्द बहाल करने का आग्रह लाहुल स्पीति के विधायक रवि ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर ठाकुर व मंत्री एवं आपदा प्रबंधन के चेयरमैन जगत सिंह नेगी से किया है। शुक्रवार को भी विधायक रवि ठाकुर ने उक्त सडक मार्ग की ताजा स्थिती जानने के बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर ठाकुर व जनजातीय विकास मंत्री जगत नेगी से फ ोन पर बात कर यह आग्रह किया है कि उक्त दोनों मार्ग को जल्द से जल्द बहाल किया जाए ताकि किसान बागवानों की फ सलें सब्जी मंडियों में पहुंच सकें। यहां बतादें कि लाहुल में जहां गोभी और मटर की फ सल तैयार हो चुकि है, वहीं लाहुल से इन फ सलों को लेकर बाहरी राज्यों की सब्जी मंडियों के लिए रवाना हुए वाहन कुल्लू और मंडी के बीच में फं स गए हैं। भारी बारिश के कारण एनएच कुल्लू मंडी व वैकल्पिक सडक बजौरा कंडी कटौला मंडी मार्ग के विभिन्न स्थलों पर क्षतिग्रस्त होने से यातायात व्यवस्था पिछले चार दिनों से ठप पड़ी हुई है। ऐसे में लाहुल स्पीति के किसानों की जहां परेशानियां बढ़ गई हैं, वहीं विधायक रवि ठाकुर लगातार प्रदेश सरकार से इस संबंध में संपर्क बनाए हुए है और जल्द से जल्द उक्त दोनों सडकों को बहाल करने का आग्रह कर रहे हैं। यहां बतादें कि खराब मौसम के चलते जहां गत दिनों पहले लाहुल स्पीति में भी विभिन्न स्थलों पर सडकें क्षतिग्रस्त हुई थी, किसानों व बागबानों की फ सलों को ध्यान में रखते हुए इन क्षतिग्रस्त मार्गों को विधायक रवि ठाकुर ने युद्ध स्तर पर बहाल करवाते हुए लाहुल स्पीति में यातायात व्यवस्था को बहाल करवा घाटी के किसान बागबानों को राहत दिलाई थी। ऐसे में अब लाहुल के किसान बागवानों की फ सलें लाहुल से कुल्लू तक तो आसानी से पहुंच रही है, वहीं कुल्लू से बाहरी क्षेत्रों की सब्जी मंडियों तक फ सल की खेप बीच रास्ते में फं स गई है। उधर, विधायक रवि ठाकुर का कहना है कि पिछले चार दिनों से जहां कुल्लू मंडी एनएच व बजौरा कंडी कटोला मार्ग पर यातायात व्यवस्था ठप होने से लाहुल के किसानों की फ सलों को लेकर जा रहे वाहन भी रास्ते में फं स गए हैं। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने शुक्रवार को एक फि र मुख्यमंत्री सुखविंदर ठाकुर व मंत्री एवं आपदा प्रबंधन के चेयरमैन जगत सिंह नेगी से बात कर उक्त दोनों मार्ग को युद्ध स्तर पर बहाल करने का आग्रह किया है।

## पच्छाद कांग्रेस ने 2.21 लाख का चेक सीएम राहत कोष में दिया

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पच्छाद का एक प्रतिनिधिमंडल, मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश चौहान, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव दयालप्यारी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खु से उनके शिमला स्थित आवास पर भेंट की। इस मौके पर मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए ब्लॉक कांग्रेस पच्छाद के कार्यकताओं द्वारा एकत्रित 2,21,111 (दो लाख) इक्कीस हजार, एक सौ ग्यारह रूपए) की राशि का चेक मुख्यमंत्री को, अंशदान के रूप में भेंट किया।

# नागरिकों के प्रति जिम्मेदारी की गहरी भावना से भरी है सुक्खू सरकार

## सुक्खू सरकार ने आपदा पीड़ितों को उपलब्ध कराई हेली सेवाएं हेलीकॉप्टर से 2 गर्भवती महिलाओं को किया गया एयरलिफ्ट

**मानवीय**

8 हिमाचल सरकार समग्र दृष्टिकोण से प्रत्येक जीवन की सुरक्षा और स्वास्थ्य रक्षा पर ध्यान दे रही है

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
संकटग्रस्त लोगों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण और मानवीय सहायता के एक उल्लेखनीय उदाहरण में, सरकार ने शनिवार को बाली चौकी



उपमंडल के आपदाग्रस्त क्षेत्र खोलानाला की दो गर्भवती महिलाओं रेश्मा और बोलमां को एयरलिफ्ट कर जोनल अस्पताल मंडी पहुंचाया। ये महिलाएं अपने परिवारों के साथ बीते कल से नगवाईं राहत शिविर में थीं। मुख्यमन्त्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के निर्देश के अनुपालन में जिला प्रशासन ने शनिवार सुबह करीब 8 बजे दोनों महिलाओं को वायुसेना के हेलीकॉप्टर से भुन्तर एयरपोर्ट से लिफ्ट कर मंडी अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें आवश्यक चिकित्सा देखभाल प्राप्त हो सकी। उनके पति भी उनके साथ रहे। मदद पाने पर महिलाओं ने सीएम का आभार जताया। उन्होंने कहा कि उनकी चिंता करने, तत्परता से मदद के लिए वे मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की धन्यवादी हैं। हिमाचल सरकार संकट के समय में केवल तत्काल राहत ही नहीं बल्कि समग्र दृष्टिकोण से प्रत्येक जीवन की सुरक्षा और स्वास्थ्य रक्षा पर ध्यान दे रही है। सुख की सरकार के राहत भरे कदम संवेदनशीलता भरे स्पर्श और सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण से लोगों की सहायता और जन सेवा के प्रति समर्पण भाव से प्रेरित हैं।

# कुश्ती को आजीविका से जोड़े युवा :राजेश

**मकडजाल**

8 जिस तरह युवा नशे के मकडजाल में फं सता जा रहा है वह भविष्य के लिए अच्छे संकेत नहीं है



**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
कुश्ती को आजीविका से जोड? से युवाओं को एक बेहतर मंच प्रदान होगा। नलवाड़ मेला साईगलू में पहलवानों को सम्मानित करते हुए प्रसिद्ध समाजसेवी एवं पन्नालाल रक्षा मेमोरियल चैरिटेबल के संस्थापक राजेश कपूर ने यह शब्द कहे। उन्होंने कहा कि यदि कुश्ती खेल को युवा आजीविका से जोड़ते हैं तो उनकी आर्थिक दशा मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह युवा नशे के मकडजाल में फं सता जा रहा है वह भविष्य के लिए अच्छे संकेत नहीं है। युवाओं को अपना पसीना कुश्ती के अखाड़े और खेल के मैदान में बहाना चाहिए । खेल खेलने से जहां उनका शरीर मजबूत होगा तो वही वह स्वस्थ भी रह पाएंगे।
कुश्ती में भारत ने विश्व भर में अपना डंका बजाया है तथा ओलंपिक खेल में कई स्वर्ण पदक हासिल किए हैं।
युवा वर्ग यदि कुश्ती को अपनी आजीविका के साथ जोड़ता है तो वह बेहतर खेल का प्रदर्शन करेगा। इस अवसर पर मेला कमेटी के अध्यक्ष भिंतरा देवी ने कहा कि 7 दिवसीय इन मेलों में जहां अनेक प्रकार की खेल आयोजित की जा रही है वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहे हैं । इस अवसर पर अनेक गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

## अजनोली में व्यक्ति से मारपीट, दंपति पर मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
मुख्यालय के साथ लगते अजनोली में एक व्यक्ति के साथ मारपीट हुई है। घायल व्यक्ति को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर दंपति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। जानकारी के मुताबिक यशवीर उर्फ हनी निवासी अजनोली ने बातया कि वीरवार देर शाम वह अपने खेतों में काम कर रहा था। इसी दौरान गांव के रिखी राम लखनपाल व उसकी पत्नी बिना किसी कारण के आकर गाली-ग्लोच करने लगे।

# महिला स्वयं सहायता समूहों ने बचत भवन में सजाया राखी बाजार

**आजीविका मिशन**

8 एडीसी जितेंद्र सांजटा ने किया शुभारंभ, महिलाओं ने स्वयं बनाई हैं रंग-बिरंगी राखियां

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**
हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिले के सभी छह विकास खंडों में गठित विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूहों ने इस बार भी जिला प्रशासन और जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की प्रेरणा से हमीरपुर के बचत भवन के ऊपरी बरामदे में राखी



बाजार सजाया है। इस बाजार में सजी रंग-बिरंगी राखियों के साथ.साथ जिला की महिलाओं के हुनरमंद हाथों से तैयार कई अन्य उत्पाद भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। एडीसी जितेंद्र सांजटा ने शनिवार को इस राखी बाजार का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागी महिला स्वयं सहायता समूहों की सराहना करते हुए एडीसी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ये समूह बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं और इनकी सदस्य महिलाएं पारंपरिक एवं ईको फ्रें डली उत्पाद तैयार कर रही हैं।
एडीसी ने बताया कि डीसी हेमराज बैरवा के निदेर्शानुसार इन महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के बेहतर विपणन के लिए जिला प्रशासन और जिला ग्रामीण विकास अभिकरण ने विशेष व्यवस्था की है। इसी कड़ी में राखी बाजार के माध्यम से भी इन महिलाओं को अपने उत्पाद बेचने के लिए एक बेहतर मंच उपलब्ध करवाया गया है। इस राखी बाजार में महिलाओं द्वारा उनके हाथों से तैयार रंग.बिरंगी राखियों के अलावा खिलौनेए बैगए अचारए साबुनए शहदए बडियांए चटनीए जैम और अन्य उत्पाद भी बहुत ही कम दामों पर उपलब्ध हैं। एडीसी ने सभी लोगों से महिला स्वयं सहायता समूहों के स्टॉलों से खरीददारी करने की अपील भी की। राखी बाजार के शुभारंभ अवसर पर जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी राजकुमार, अन्य अधिकारी तथा जिले के सभी 6 विकास खंडों के कुल 17 महिला स्वयं सहायता समूहों की पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित थीं।

## संक्षिप्त खबरें

### राजीव गांधी स्वरोजगार योजना के लिए मानक संचालन प्रकिया जारी

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
प्रदेश में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने और वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से महत्वाकांक्षी राजीव गांधी स्वरोजगार योजना आगामी 2 अक्तूबर, 2023 से आरम्भ की जा रही है। इस योजना के लिए विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया तैयार कर ली गई है। ऐसे में अब विभिन्न सरकारी विभाग, स्थानीय प्रशासन, स्वायत्तशासी निकाय, बोर्ड, निगम सहित अन्य सरकारी एवं अर्द्ध-सरकारी निकाय न्यूनतम चार वर्षों के लिए ई-टैक्सी अनुबंधित कर सकेंगे और इस अवधि को दो अन्य वर्षों के लिए बढ़ाया भी जा सकेगा।मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का कहना है कि हिमाचल प्रदेश विद्युत चालित वाहनों के लिए एक आदर्श राज्य बनकर उभरने के लिए तैयार है और प्रदेश सरकार सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों के समन्वय व सहयोग से कार्बन उत्सर्जन को कम करने के दृष्टिगत विद्युत चालित वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित कर रही है। विद्युत चालित वाहनों के लिए मूलभूत ढांचा सुदृढ़ करने के दृष्टिगत पहले चरण में छः हरित गलियारे विकसित किए जा रहे हैं। सरकार की इस पहल से वाहनों के लिए जिवाश्म इंधन पर निर्भरता में भी कमी आएगी।इस योजना के अंतर्गत ई-टैक्सी खरीदने एवं इसे किसी सरकारी संगठन के साथ सम्बद्ध करने के इच्छुक व्यक्ति परिवहन विभाग से अनुमति के लिए प्रत्यक्ष ऑनलाईन पोर्टल पर आवेदन कर सकता है। इसके लिए उसे निर्धारित प्रपत्र पर आवश्यक सूचना उपलब्ध करवानी होगी। आवेदन प्राप्त होने के उपरान्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के कार्यालय में इनकी छंटनी की जाएगी और दस्तावेजों में किसी भी तरह की कमी पाए जाने पर इन्हें आवेदक को सुधार के लिए वापस भेजा जाएगा और उसे पांच दिनों में इसे दुरूस्त करना होगा। निर्धारित अवधि में वांछित दस्तावेज उपलब्ध न करवाने पर आवेदन रद्द समझा जाएगा। पात्र लाभार्थियों की अंतिम सूचि तैयार होने के उपरान्त राज्य परिवहन प्राधिकरण की ओर से ई-टैक्सी के विक्रय की अनुमति प्रदान की जाएगी।संबंधित एजेंसी परिवहन विभाग को ई-टैक्सी से संबंधित आवश्यकता के बारे में ऑनलाईन अनुरोध कर सकेगी। इस योजना के अंतर्गत पात्रता एवं आवश्यकता के अनुरूप ई-टैक्सी किराए पर लेने के लिए पांच श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। वाहन के लिए ऋ ण प्रक्रिया बैंकों के माध्यम से अथवा आवेदक द्वारा अपने स्तर पर भी पूरी की जा सकेगी। मुख्यमंत्री का कहना है कि हिमाचल को 31 मार्च, 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य सरकार का है और इसे प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार ई-वाहनों को प्रोत्साहित करने के साथ ही अन्य कई कदम उठा रही है। इसके तहत परिवहन विभाग में विद्युत चालित वाहन शामिल किए गए हैं और परिवहन निगम के डीजल चालित 1500 बसों के बेड़े को चरणबद्ध ढंग से ई-बसों से बदलने की योजना है।राज्य सरकार ने अपने प्रथम बजट में ई-टैक्सी, ई-बस और ई-ट्रक की खरीद के लिए 50 प्रतिशत उपदान का भी प्रावधान किया है। सरकार के इन नवोन्मेषी कदमों का उद्देश्य राज्य के युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्हें विद्युत चालित वाहनों के संचालन में निवेश कर जीविकोपार्जन सहित राज्य के पर्यावरण को संरक्षित करने में सहायक बनाना है।

### नशे के दुष्प्रभावों बारे स्कूलों में लगेंगे जागरूकता बोर्ड: डॉ. अभिषेक जैन

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
शिक्षा सचिव डॉ. अभिषेक जैन ने गत दिवस को शैक्षणिक संस्थानों में बच्चों में नशे की प्रवृति पर रोक लगाने के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग बच्चों में नशे की प्रवृति पर रोक लगाने के लिए कारगर कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी और निजी विद्यालयों को स्कूल परिसर में नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी संबंधी जागरूकता बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए हैं।शिक्षा सचिव ने कहा कि नशे के दुष्प्रभावों संबंधी संदेश को प्रभावशाली तरीके से बच्चों तक पहुंचाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से बनाए गए ऑडियो-वीडियो संदेश के माध्यम से उन्हें जागरूक किया जाएगा। विद्यालयों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव संबंधी व्याख्यान एवं गतिविधियां हर 15 दिनों में आयोजित करवाने के निर्देश दिए गए हैं। ग्राम पंचायत, स्काउट्स एण्ड गाईड्स, एनसीसीए एनएसएस और पीटीए को शामिल करके नशीले पदार्थों पर रोक लगाने के लिए सहयोग लिया जा रहा है।

# खड़ेल के लोगों ने खुद पुल की मुरम्मत कर पेश की मिसाल



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
जिस फु टब्रिज की मुरम्मत कई वर्षों से सरकार व स्थानीय पंचायत नहीं कर सकी उसे खड़ेल और थैना क्षेत्र के लोगों ने एक सप्ताह में कर दिखाया। बता दें कि राजगढ़ ब्लॉक के पैरवी खडड पर खड़ैल में बने पैदल चलने योग्य पुल की हालत बीते कई वर्षों से बहुत दयनीय हो गई थी। पुल पर लगे लकड़ी के फ टटे सड? के कारण टूट चुके थे। विशेषकर बरसात के दिनों में समूचे डिमण क्षेत्र के लोग जान जोखिम में डालकर इस पुल को लांघते थे। बीते दिनों विभिन्न समाचार पत्र में खबर प्रकाशित होने के उपरांत सरकार अथवा स्थानीय पंचायत ने चुप्पी साध ली परंतु स्थानीय युवाओं ने इस पुल पर लकड़ी के नए फ टटे लगाकर पुल को पैदल चलने योग्य बनाकर एक मिसाल पेश की है। थैना बसोतरी के उप प्रधान अनिल कुमार ने बताया कि इस पैदल चलने योग्य पुल का निर्माण वर्ष 1980 में किया गया था । उसके उपरांत इस पुल की किसी भी सरकार ने सुध नहीं ली थी और पुल पर लगे लकड़ी के फटटे सड़ चुके थे। जिससे कभी भी कोई हादसा पेश आ सकता था। इस बारे सरकार को कई बार प्रस्ताव पारित करके भेजे जा चुके हैं जब किसी भी स्तर पर कोई सुनवाई नहीं हुई तो स्थानीय लोगों ने हिम्मत जुटा के इस पुल की मुरम्मत करके पैदल चलने योग्य बना दिया गया है।
बता दें कि पैरवी खडड से दूसरी ओर के समूचे क्षेत्र को डिम्मण कहा जाता है जिसमें करीब 20 गांव आते हैं ।खडैल गांव के जगदीश चैहान, सहित अनेक लोगों ने बताया कि डिम्मण क्षेत्र से राजगढ़ आने के लिए सबसे पुराना रास्ता इस पुल के माध्यम से है। जिसके चलते स्थानीय पंचायत द्वारा करीब 40 साल पहले खड़ैल के नीचे पैदल चलने योग्य पुल बनाया गया था। उन्होंने बताया कि डिम्मण क्षेत्र से अधिकांश बच्चें पुल को लांघ कर कॉलेज और स्कूल पहूंचते हैं।
छोटे बच्चों को हाथ से पकडकर पुल पार करवाते हैं। उप प्रधान अनिल कुमार, जगदीश चौहान सहित अनेक लोगों ने सरकार से इस पुल को पक्का करने की पुनः मांग दोहराई है।

## झलेड़ा में खोखे को तोड़ा, तीन पर मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
सदर ऊना के तहत झलेड़ा में एक खोखे को तोड? का मामला सामने आया हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी हैं।
जानकारी के मुताबिक मनमोहन सिंह निवासी ईसपुर ने बताया कि झलेड़ा बाजार में खोखा लगा कर पेटिंग और ट्रक बॉडी बनाने का काम करता है। शुक्रवार देर शाम तारा चंद, वीर सिंह व गगन कुमार निवासी झलेड़ा ने बिना किसी कारण खोखें की तोडफोड़ करने लगे व अंदर पड़े सामान को भी बाहर फेंक दिया। मनमोहन सिंह ने बताया कि खोखे का सारा सामान तोड़ दिया गया हैं।

# डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी में वैदिक पद यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी के विद्यार्थियों द्वारा वैदिक पद यात्रा निकाली गई। विद्यालय आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा आर्य युवा समाज डीएवी मंडी इकाई हिमाचल की कोषाधिकारी वंदना कपूर ने जानकारी देते हुए बताया कि आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के दिशानिर्देश से हर वर्ष की तरह प्रधानाचार्य जी के आदेशानुसार 21 अगस्त से 26 अगस्त, 2023 तक वेद प्रचार सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया था। इसी कड़ी में 26 अगस्त, 2023 को विद्यालय के योगा क्लब व कोम्यूनीटी सर्विस क्लब के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय प्रांगण से खलियार कस्बे में



वैदिक पद यात्रा निकाली गई और लोगों के घर जाकर वेदों का प्रचार प्रसार किया गया। आज की वैदिक पद यात्रा के साथ वैदिक सप्ताह का समापन भी किया गया। प्रधानाचार्य के एस गुलेरिया जी ने अपने संदेश में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वेद हमारी धरोहर है, हमारी पहचान है। वेदों का पढ?ा पढ?ा व इनका प्रचार प्रसार करना हम सभी आर्यों का नैतिक कर्तव्य है इसलिए हमें वेदों द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलना चाहिए और सम्पूर्ण विश्व में वेदों का प्रचार प्रसार करना चाहिए। इस वैदिक यात्रा में मैडम वंदना कपूर कोषाधिकारी आर्य युवा समाज डीएवी मंडी, सुनील कुमार प्रभारी आर्य युवा समाज डीएवी मंडी,शर्मिला भारद्वाज गतिविधि प्रभारी डीएवी मंडी, आचार्य भवानी सिंह नेगी, शारीरिक शिक्षा अध्यापक सुशील सेन व योगा अध्यापिका सुमन पंडित सम्मिलित रहे।

# श्री मणिमहेश यात्रा के दौरान स्वच्छता प्रबंधन को लेकर बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
अतिरिक्त उपायुक्त भरमौर नवीन तंवर की अध्यक्षता में स्वच्छता प्रबंधन को लेकर भी ग्रामीण विकास विभाग और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उन्होंने कहा कि श्री मणिमहेश मेले के दौरान सुलभ शौचालयों की रोजाना निगरानी के लिए एक टीम का गठन किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस टीम में गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएगा। यात्रा के दौरान साफ.-सफ ाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा सुलभ शौचालय में तैनात कर्मियों की ड्यूटी एक सितंबर से 30 सितंबर तक रहेगी।



उन्होंने कहा कि यात्रा के पहले और यात्रा के बाद भी स्वयं सहायता समूहों, युवक व महिला मंडलों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने विद्युत विभाग को यात्रा के दौरान मोबाइल टॉयलेट्स में भी विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए व उन्होंने लंगर समितियां को भी साफ -सफ ाई के लिए सफ ाई कर्मी भी रखना को कहा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को हडसर से लेकर डल झील तक विभिन्न पड़ावों को दशार्ते साइनेज लगाने को भी कहा। साइनेज में दूरी और ऊंचाई दर्शाई जाएगी। सफ ाई की उचित व्यवस्था को लेकर विभिन्न स्थानों पर डस्टबिन भी अस्थाई तौर पर स्थापित किए जाएंगे तथा शौचालयों के साइन बोर्ड भी लगाए जाएं ताकि श्रद्धालुओं को शौचालय और पानी की सुविधा की जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि लंगर समितियां के पास भी शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए। बैठक में उपमंडल अधिकारी नागरिक कुलबीर सिंह राणा, खंड विकास अधिकारी अनिल गुराडा, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग विशाल चौधरी, सहायक अभियंता विद्युत विभाग तेज सिंह ठाकुर सहित उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय उद्यान सिंबलबाड़ा में कैमरे में कैद हुई बाघ की चहलकदमी

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
हिमाचल प्रदेश के पांवटा साहिब घाटी के कर्नल शेरजंग राष्ट्रीय उद्यान सिंबलवाड़ा में फि र बाघ (टाइगर) ट्रैप कैमरे में कैद हुआ है। करीब आठ माह बाद इस क्षेत्र में बाघ की कदमताल से वन्य प्राणी विभाग बेहद उत्साहित है। बाघ की इस क्षेत्र में लगातार चहलकदमी बढ़ रही है। इससे पहले 23 जनवरी को पहली बार सिरमौर में बाघ के पैरों के निशान मिले थे। इसके ठीक एक माह बाद 19 फ रवरी को विभाग के ट्रैप कैमरों में बाघ की पहली तस्वीर कैद हुई थी। अब फि र बाघ की इस क्षेत्र में मौजूदगी से विभाग काफ ी खुश है। माना जा



रहा है कि यहां का अनुकूल वातावरण बाघ को पसंद आ रहा है। पहले कभी सिंबलबाड़ा में बाघ नहीं देखा गया था। दरअसल, चीला-मोतीचूर कॉरिडोर को उत्तराखंड में वन्यजीवों का सबसे बड़ा और पुराना कॉरिडोर (गलियारा) माना जाता है। इस गलियारे से पहले हाथी और बाघ जैसे वन्यजीव हरिद्वार से शिवालिक के जंगल होते हुए कार्बेट की ओर आते-जाते थे। माना जा रहा है कि उत्तराखंड के राजाजी नेशनल पार्क से ही चीला मोतीचूर कॉरिडोर से बाघ यहां पहुंच रहा है। बता दें कि सिंबलबाड़ा में पहली बार बाघ की कदमताल के बाद विभाग ने गंगूवाला बाग में तीन तेंदुओं को भी एक साथ ट्रैप कैमरों में कैद किया था। गौर हो कि राष्ट्रीय उद्यान सिंबलबाड़ा में पिछले दिनों ही एक साथ 10 हाथी कैमरे में कैद हुए हैं। विभाग के अनुसार सिंबलबाड़ा सूबे का एकमात्र ऐसा संरक्षित क्षेत्र है, जहां अकसर एशियाई हाथी दस्तक दे रहे हैं, जो पड़ोसी राज्य उत्तराखंड से यहां पहुंच रहे हैं। ये अलग बात है कि हाथियों के झुंड पिछले लंबे अरसे से सिरमौर में फ सलों को भी नुकसान पहुंचाते आ रहे हैं। लेकिन हाथियों का सिरमौर के विभिन्न इलाकों में दस्तक देना भी यहां के अनुकूल वातावरण को दर्शा रहा है। वन्य प्राणी विंग के डीएफ ओ एन रविशंकर ने बताया कि टाइगर ने फि र सिंबलबाड़ा नेशनल पार्क में दस्तक दी है। इसकी कदमताल कैमरे में कैद हुई है। यह अच्छा संकेत है। अच्छी बात यह भी है कि बाघ विचरण के लिए हिमाचल के नेशनल पार्क का इस्तेमाल कर रहा है। कुछ दिन पहले पार्क में 10 हाथी भी पहुंचे थे।

# जल जनित रोगों और सर्पदंश के प्रति रहें सावधान: हेमराज बैरवा

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**
उपायुक्त हेमराज बैरवा ने भारी बारिश का दौर थमने के बाद भी जिलावासियों से सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भारी बरसात से नदी-नालों में अधिक सिल्ट आने के कारण अधिकांश पेयजल योजनाएं काफ ी प्रभावित हुई हैं और जलशक्ति विभाग द्वारा पेयजल स्वच्छता को लेकर विशेष सावधानी बरतने के बावजूद इस मौसम में जल जनित रोगों के फैलने की आशंका बनी रहती है।
डीसी ने भारी बारिश का दौर थमने



के बाद भी की ऐहतियात बरतने की अपील
उपायुक्त ने सभी जिलावासियों विशेषकर ब्यास और विभिन्न खड्डों के आसपास नादौन, सुजानपुर और अन्य क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से अपील की है कि वे इस मौसम में पानी को अच्छी तरह उबालकर या फि ल्टर करके ही पीएं। उपायुक्त ने कहा कि नादौन क्षेत्र के कई गांवों के लोग पहले भी जल जनित रोगों का शिकार हो चुके हैं। इसलिएए वे इस मौसम में पूरी सावधानी बरतें। उपायुक्त ने कहा कि इस सीजन में सर्पदंश के भी काफ ी मामले सामने आते हैं। नादौन क्षेत्र में हर साल ऐसे मामलों की संख्या काफ ी ज्यादा रहती है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि अगर उनके इलाके में सर्पदंश का कोई भी मामला सामने आता है तो वे झाड़-फूं क या अन्य टोटकों में समय गंवाने के बजाय उस व्यक्ति को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर इंजेक्शन लगवाएं।

